डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब0/1639/2026 दिनांक : 29/06/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्य एवं सचिव, प्रबन्ध समिति,
सम्बद्ध समस्त स्ववित्तपोषित महाविद्यालय।

विषयः स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में कार्यरत विश्वविद्यालय से अनुमोदित शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किये जाने हेतु सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन/निदेशालय के निर्देशों के क्रम में स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में कार्यरत विश्वविद्यालय से अनुमोदित शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु महाविद्यालय में कार्यरत प्राचार्य की सूचना निर्धारित Google Form पर उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में पूर्व में पत्राचार एवं दूरभाष के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है। खेद का विषय है कि अद्यतन अनेक महाविद्यालयों द्वारा अपेक्षित सूचना निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध नहीं करायी गयी है, जिससे शासन स्तर पर सूचना संकलन एवं अग्रेषण का कार्य प्रभावित हो रहा है। यह स्थिति प्रशासनिक दृष्टि से गंभीर है तथा महाविद्यालय की शिथिलता को परिलक्षित करती है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि महाविद्यालय में कार्यरत प्राचार्य से सम्बन्धित समस्त वांछित सूचना निर्धारित Google Form- पर प्रत्येक दशा में तत्काल भरकर सबमिट करना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित समयावधि में सूचना उपलब्ध नहीं करायी जाती है, तो ऐसे महाविद्यालयों की प्रवेश प्रक्रिया प्रतिबन्धित किये जाने की संस्तुति करते हुए शासन को अवगत करा दिया जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

Google Form-
https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSecfxkdz6klUdVGzM5SXF1k290LaPNXgTy5pfdnUd33GzKSFg/viewform?usp=dialog

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रभारी, कुलपति सचिवालय, मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. एजेंसी को इस आशय से कि उक्त सूचना को समस्त स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के लॉगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
3. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisvlett